हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड,धर्मशाला।

क्रमांकःहि०शि०बो०(31)रा०मु०वि०/ लैटर सैट/2023/13472-13522 दिनांकः-20 .11.2023

"अधिसूचना"

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा हि० प्र० राज्य मुक्त विद्यालय (HPSOS) के अंतर्गत सितम्बर, 2023 में संचालित करवाई गई आठवीं, दसवीं व जमा दो कक्षा की अनुपूरक परीक्षा का परीक्षा परिणाम को घोषित कर दिया गया है। परीक्षार्थियों का विवरण निम्न प्रकार से हैः-

Class	Total Cand.	Pass	Fail	Re-appear	RLE	EEC	RLD	PRS	PRC	Pass %
Middle	334	173	0	70	88	0	3	0	0	51.8%
Matric	6069	2812	30	2763	328	0	97	29	10	46.3%
Plus Two	10860	6218	25	4216	268	1	79	28	25	57.3%

इच्छुक परीक्षार्थी आठवीं कक्षा में पुनर्निरीक्षण के लिए तथा दसवीं व जमा दो कक्षा में पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण हेतु अपने अध्ययन केन्द्र के माध्यम से केवल ऑनलाईन प्रक्रिया द्वारा दिनांक 05 दिसम्बर 2023 तक रू० 500/- प्रति विषय पुनर्मूल्यांकन शुल्क व रू० 400/- प्रति विषय पुनर्निरीक्षण शुल्क की दर से आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन करने के लिए सम्बन्धित विषय में कम से कम 20% अंक होना अनिवार्य हैं।

इसके साथ ही जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम री-अपीयर और अनुतीर्ण घोषित हुआ है या जो परीक्षार्थी श्रेणी सुधार (Improvement - within 1 year) की परीक्षा देना चाहते हैं ऐसे परीक्षार्थी मार्च, 2024 में होने वाली SOS की परीक्षा के लिए बिना विलम्ब शुल्क दिनांक 24 नवम्बर 2023 से 15 दिसम्बर 2023 से तक ऑन लाईन आवेदन कर सकते हैं।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड कार्यालय में कार्य दिवस के दौरान कक्षा आठवीं व दसवीं के लिए दूरभाष संख्या 01892-242199 व जमा दो कक्षा के परीक्षार्थियों के लिए दूरभाष संख्या 01892-242152 पर सुबह 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाईट www.hpbose.org पर भी उपलब्ध है।

सचिव

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित हैः-

1. निजी सहायक, माननीय अध्यक्ष/सचिव, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ।
2. अतिरिक्त सचिव/समस्त संयुक्त सचिव हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
3. समस्त उप-सचिव/सहायक सचिव हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
4. अनुभाग अधिकारी IT Cell को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त अधिसूचना को बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करवाएं व वर्णित तिथियों के अनुसार ऑनलाइन साइट को सक्रिय करें।
5. कनिष्ठ सहायक, लोक सम्पर्क अधिकारी कार्यालय (Public Relation Officer), हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला को इस आश्य के साथ प्रेषित है कि उक्त अधिसूचना को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित करें।

सचिव